**Need to restore provision of night stay at Sainik Rest House at Paonta Sahib, Sirmaur district, Himachal Pradesh.-laid**

श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) **:** मैं खुद पूर्व में भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुका हूँ । इसीलिए यह विषय मेरे लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है । भूतपूर्व सैनिक और सैन्य कर्मियों को देश के विभिन्न हिस्सों से ड्यूटी आने-जाने यात्रा के दौरान या अन्य कारणों से किसी स्थान पर थोड़े समय या यात्री ठहराव हेतु किफायती और सुविधाए व कल्याण के ध्येय से सैनिक आराम घर पूरे देश के विभिन्न स्थानों पर बने है । इन विश्राम गृहों का रखरखाव संबंधित राज्य/जिला सैनिक बोर्ड द्वारा किया जाता है । मेरे लोक सभा क्षेत्र के सिरमौर ज़िले के पौंटा साहिब में एक सैनिक आराम घर बना है । जहाँ दूर दराज़ के लगभग 200 किलोमीटर के क्षेत्र से सैनिक/भूतपूर्व सैनिक यहाँ अपना यात्री ठहराव और आगामी ट्रैन व बस सुविधा के हिसाब से ठहराव/ विश्राम करते है । परुन्तु दुर्भाग्यवश सिरमौर ज़िले के पौंटा साहिब के सैनिक आराम घर में 1-सितम्बर-2024 को जिला सैनिक कल्याण विभाग द्वारा केवल रात्रि विश्राम/ठहराव वाले कमरों को अकारण बंद कर दिया गया है । विशेष बात यह है कि इस आराम घर (केवल रात्रि ठहराव वाले कमरे) को बिना किसी नोटिस/ सूचना दिए गए जिला सैनिक बोर्ड द्वारा बंद कर दिया गया, जिस कारण हमारे सैनिको को आने जाने यात्रा के दौरान रात्रि ठहराव/ विश्राम हेतु बहुत तकलीफ हो रही है ।

अतः मेरा माननीय रक्षा मंत्री जी से निवेदन है कि जल्द जल्द सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित कर इस सैनिक आराम घर में रात्रि ठहराव हेतु कमरे एक बार फिर से खोले जाये ।